जयपुर (राजस्थान) से प्रकाशित एवं दिल्ली, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, गुजरात, उत्तराखंड, छत्तीसगढ़, बिहार, हिमाचल प्रदेश और झारखण्ड राज्यों में प्रसारित

(DAVP-CODE No. 120390) भारत सरकार का रजि. नं. 10311/1965

साप्ताहिक

# हमारा वतन

देश का अपना अखबार

ہمارا وطن ہفت روزہ

संस्थापित 1965



संस्थापक
स्व. श्री राजेन्द्र कुमार 'अजेय'
स्वतंत्रता सेनानी



संरक्षक
स्व. श्री बाबू लाल सैनी



सम्पादक
राम गोपाल सैनी

www.hamarawatan.com FOLLOW US:- Hamarawatan | Hamarawatan65 | Hamarawatan3 | Hamarawatan

वर्ष- 59 | अंक-25 | जयपुर, सोमवार, 3 जुलाई, 2023 | वार्षिक शुल्क 200 रुपये (एक प्रति 4 रु.) | पृष्ठ संख्या 4

## सीएम गहलोत का बड़ा ऐलान, 40 लाख महिलाओं को बांटे जाएंगे स्मार्टफोन, 25 जुलाई से शुरू होगी प्रक्रिया

**जयपुर (हमारा वतन)।** राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने प्रदेश की महिलाओं के लिए बड़ा ऐलान किया है। सोमवार को उदयपुर में एक जनसभा को संबोधित करते हुए सीएम गहलोत ने यह ऐलान किया है। स्मार्टफोन देने का ऐलान करते हुए गहलोत ने कहा कि हमारी सरकार ने बजट में घोषणा की थी, अब उसे पूरा करने जा रही है। इस दौरान गहलोत ने कहा कि पहले फेज में 40 लाख महिलाओं को स्मार्टफोन बांटे जाएंगे। राजस्थान में साल के आखिर में विधानसभा चुनाव होने हैं। ऐसे में राजस्थान के सीएम गहलोत एक साथ कई योजनाओं की घोषणा कर रहे हैं। इसी क्रम में राजस्थान की महिलाओं के लिए भी गहलोत ने बड़ी घोषणा की है। इस योजना के तहत पहले फेज में राज्य की 40 लाख महिलाओं को राजस्थान सरकार स्मार्टफोन देगी। इसकी घोषणा सीएम गहलोत ने उदयपुर किसान महोत्सव में की है।

**इस तारीख से शुरू होगी प्रक्रिया**

राजस्थान के सीएम अशोक गहलोत सोमवार को उदयपुर में एक किसान महोत्सव में लोगों को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान गहलोत ने राजस्थान सरकार की कई योजनाओं के बारे में बात की। इसके साथ ही गहलोत ने महिलाओं को स्मार्टफोन देने की भी बात कही। स्मार्टफोन बांटने की तारीख का ऐलान करते हुए गहलोत ने कहा कि 25 जुलाई से पहले फेज में स्मार्टफोन बांटने के लिए प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। इस फेज में लगभग 40 लाख महिलाओं को स्मार्टफोन दिया जाएगा।

**3 साल तक फ्री इंटरनेट -**

महिलाओं को मुफ्त में स्मार्टफोन वितरित करने का ऐलान करने के बाद सीएम गहलोत ने कहा कि राज्य कि पहले फेज में लगभग 40 लाख महिलाओं को स्मार्टफोन बांटा जाएगा, साथ ही इन महिलाओं को 3 साल तक फ्री इंटरनेट भी दिया जाएगा।

इस दौरान घोषणा करते हुए अशोक गहलोत ने स्मार्टफोन से होने वाले फायदे भी गिनाए। गहलोत ने कहा कि मोबाइल हाथ में आने से अपनों के साथ जुड़ना आसान हो जाता है,

साथ ही जानकारी इकट्ठा करना भी आसान हो जाता है। इस साल नवंबर-दिसंबर महीने में राजस्थान विधानसभा चुनाव भी होने हैं। राजस्थान विधानसभा



चुनाव को देखते हुए सभी पार्टियों ने अपनी तैयारियां शुरू कर दी हैं। राजस्थान के सीएम अशोक गहलोत ने भी जोर-शोर से तैयारियां शुरू कर दी हैं। गहलोत लगातार राज्य में दौरे पर हैं और जगह-जगह जनसभाएं कर रहे हैं।

## जयपुर का आमेर बनेगा आईकॉनिक डेस्टिनेशन, मुख्यमंत्री ने दी 14.56 करोड़ रुपए की स्वीकृति

**जयपुर (हमारा वतन)।** राज्य सरकार प्रदेश में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयासरत है। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने जयपुर की विरासत नगरी आमेर को आईकॉनिक डेस्टिनेशन के रूप में विकसित करने के प्रस्ताव का अनुमोदन किया है। साथ ही, इसके लिए कुल 14.56 करोड़ रुपए के वित्तीय प्रस्ताव को भी स्वीकृति दी है। प्रस्ताव के अनुसार, आमेर में कार पार्किंग कार्य के लिए 1.25 करोड़ रुपए, म्यूजिकल फाउंटेन के लिए 4 करोड़, हेरिटेज वॉक-वे के लिए 2.70 करोड़, केम्पिंग साइट्स के लिए 6.24 करोड़ रुपए स्वीकृत किए गए हैं। आईकॉनिक डेस्टिनेशन के रूप में



विकसित होने से यहां आने वाले पर्यटकों को विश्व स्तरीय सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी। पार्किंग, अतिरिक्त सुरक्षा, साफ-सफाई के साथ ही ग्रीन टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल किया जाएगा।गहलोत के इस निर्णय से क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा मिलने के साथ ही हस्त शिल्प कारीगर, कलाकारों सहित हजारों लोगों को रोजगार के अवसर मिलेंगे। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री द्वारा वर्ष 2023-24 के बजट में इस संबंध में घोषणा की गई थी।

## लोकेश शर्मा को ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त करने पर रुक्क्षमणी कुमारी का किया सम्मान



**चौमूं (हमारा वतन)।** एआईसीसी सदस्य ऑल इंडिया प्रोफेशनल कांग्रेस की प्रदेशाध्यक्ष रुक्क्षमणी कुमारी की अनुशंसा पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने उदयपुरिया निवासी लोकेश शर्मा को चौमूं विधानसभा क्षेत्र के पूर्वी ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर कस्बे के जयपुर रोड स्थित रूक्क्ष्मणि कुमारी के कार्यालय पर सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने ढोल नगाड़ो के साथ रुक्क्षमणी कुमारी जिंदाबाद, कांग्रेस पार्टी जिंदाबाद के नारों के साथ रुक्क्षमणी कुमारी का फूल माला एवं साफा पहनाकर सम्मान किया। इस अवसर पर शर्मा की नियुक्ति पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कहा कि रुक्क्षमणी कुमारी ने जमीनी स्तर के कांग्रेस कार्यकर्ता को ब्लॉक अध्यक्ष की नियुक्ति दिलाकर पार्टी को मजबूत करने का काम किया है। जो निसंदेह तारीफ के काबिल है। इस अवसर पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नवनियुक्त ब्लॉक अध्यक्ष लोकेश शर्मा का फूल माला एवं साफा पहनाकर सम्मान किया।

इस दौरान पूर्व चेयरमैन गोविंद नारायण सैनी, नगरपालिका उपाध्यक्ष प्रतिनिधि राजकुमार शर्मा, पूर्व ब्लाक अध्यक्ष शंकर लाल चतुर्वेदी, पार्षद राजेश कुमार वर्मा, कन्हैयालाल धावरिया, सुरेंद्र झाझडा, मालीराम यादव, महेंद्र मीणा, कमलेश यादव, शिवरतन शर्मा, सुनील कुमावत, सेवादल के श्याम लाल शर्मा, दीपक जांगिड़, गुरु भाई, सुमन झाझडा, प्रवीण चौधरी, रविंद्र नाथावत, आकाश नाथावत, प्रवीण गरेड, मुकुल सिंह, देशराज सिंह सहित सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## जयपुर कल्चरल सोसायटी के सफर ए मौसिकी कार्यक्रम में झूम उठे श्रोता

### 50 सिंगर्स ने दी मधुर प्रस्तुतियां, तरानों से गूंजा जवाहर कला केंद्र



**जयपुर (हमारा वतन)।** जयपुर कल्चरल सोसायटी की ओर से सफर-ए-मौसिकी संगीत संध्या का आयोजन जवाहर कला केन्द्र के रंगायन सभागार में आयोजित किया गया। सोसायटी अध्यक्ष कंचन आनन्द ने सभी आगंतुकों का स्वागत किया। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों द्वारा नटराज की मूर्ति के माल्यार्पण कर और दीप प्रज्वलित कर की गई ।

इस संगीतमय आयोजन में करीब 50 कलाकारों ने फिल्म संगीत से रचे बचे 25 तराने प्रस्तुत कर दर्शकों की वाहवाही लूटी। श्रोता गानों को सुनकर थिरकने लगे । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ फिल्म अभिनेत्री और नृत्य गुरू उषा श्री, प्रसिद्ध उद्यमी नरेन्द्र सिंह मेहता, प्रसिद्ध व्यवसायी विक्टर मोटवानी रहे ।

सफर-ए-मौसिकी संगीत संध्या में आयोजक कंचन आनन्द , कार्यक्रम निर्देशक संजय चन्दनानी तथा मुकेश पारीक सहित प्रसिद्ध भजन गायक पुनीत गुप्ता, प्रियंका गौड़, नीलू कांवट, जी एल पारीक, प्रीति पुरोहित, डॉ. अशोक शर्मा, संध्या सक्सेना, अजोय कल्ला, डॉ. हनुमान शर्मा, डॉ. वर्षा सक्सेना, सुरेखा मित्तल, पूनम जैन, शेखर श्रीवास्तव, विकास कांवट, कैलाश सोलंकी, उर्मिला नियति, सतीश चन्दनानी, ज्योति सुखनानी, मोनिका भाटिया, सुनील ग्रोवर, आर के मित्तल, अभिषेक सक्सेना, भरत जोशी, विजेता सिन्हा, लक्ष्मण वाघवानी, अंजू सुखीजा, रेनू जैन, रूबी शर्मा, अम्बे माथुर, अंकिता चुग, दीपा जैन, मौसमी चटर्जी, रविन्द्र शर्मा, रेखा रावत, शशिकांत आर्य, वन्दना जैमिनी, विनित उपाध्याय ने नये पुराने फ़िल्मी गीत प्रस्तुत किये। जिनमें जय जय शिव शंकर, आँखों में नींदे न दिल में करार, कौन दिशा में लेके , रोका कई बार मैने दिल की उमंग को, तुझ संग प्रीत लगाई, ऐसी दिवानगी, जानेमन जानेमन, जिन्दगी कैसी है पहेली



आदि गीत प्रमुख रहे। मंच संचालन मोनिका ग्रोवर ने किया ।

गौरतलब है कि स्वर्गीय आनंद के गंगवार द्वारा संस्थापित संस्था पिछले करीब 37 सालों से सभी छोटे बड़े कलाकारों को मंच देकर आगे बढ़ने का कार्य करती आई है। जयपुर शहर में कराओके पर गायन के प्रोगाम की शुरूआत सर्वप्रथम जयपुर कल्चरल सोसायटी द्वारा ही की गई थी ।




लोनिया हॉस्पिटल एंड फर्टिलिटी सेंटर

कचौलिया रोड, मगध नगर, बचपन स्कूल के पास चौमूं, जयपुर

क्या आप अभी तक मातृत्व सुख से वंचित हैं ? तो हमसे मिलें !



सुरक्षित नॉर्मल, सिजेरियन डिलीवरी

निदेशक
डॉ.धर्मराज सिंह लोनिया

24 घंटे इमरजेंसी सुविधा

नि:संतानता अब अभिशाप नहीं, पाएँ मातृत्व का सुख !

संपर्क - 9636247286, 9928747286

फ्री परामर्श

सभी प्रकार की जांच और दवाइयों पर 20 प्रतिशत की छूट

# सेवानी ग्रुप ऑफ़ कंपनीज एवं दिशा क्लासेस की ओर से आम नागरिक को घर खर्च में मिलेगी महाबचत एवं बेहतरीन शिक्षा

**जयपुर (हमारा वतन)।** सनसिटी ग्रैंड सीकर रोड जयपुर स्थित नंबर वन बिजनेस ग्रुप सेवानी ग्रुप ऑफ़ कंपनीज एवं दिशा क्लासेस की 21 मई को लॉन्चिंग के बाद में किए जा रहे कार्यक्रमों की श्रृंखला में 11वां कार्यक्रम चौमूं स्थित ली ग्रैंड होटल में मीडिया कांफ्रेंस एवं व्यापारियों के स्नेह मिलन के साथ संपन्न हुआ। कंपनी के डायरेक्टर नरेंद्र कुमार सेवानी ने अपने 25 साल के व्यापारिक अनुभव , ब्रह्माकुमारी द्वारा सीखी जीवन जीने की कला एवं सेवा के उद्देश्य से संबोधित करते हुए कहा की दुकानदारों को सेवानी ग्रुप ऑफ़ कंपनीज में जोड़कर कैसे सामूहिक खरीददारी करके मैन्युफैक्चरर्स से अत्यधिक लाभ लिया जाए। कंपनी द्वारा डायरेक्ट प्रोडक्ट की ऑनलाइन सप्लाई का विरोध करते हुए दुकानदारों को कंपनी द्वारा सामूहिक खरीददारी होने का लाभ हर क्षेत्र के स्थानीय दुकानदारों के साथ आम नागरिक को दिया जाएगा। जिससे आम नागरिक को उसकी जरूरत एवं पसंद के अनुसार होलसेल रेट पर, बेहतरीन सेवा एवं अच्छे व्यवहार के साथ अच्छी क्वालिटी का सामान मिल सकेगा। कंपनी द्वारा रोटी,




कपड़ा और मकान से जुड़ी हुई हर वस्तुओं के साथ दवाइयां, एफएमसीजी, कॉस्मेटिक तथा इंसान के काम आने वाली प्रत्येक वस्तु को स्थानीय दुकानदार को होलसेल रेट पर संगठन में जुड़कर उपलब्ध करवाई जाएगी। मेरा मानना है कि सस्ता खरीदोगे नहीं तो बेचोगे कैसे। इसके साथ ही उन्होंने कहा की रुपए कमाना नहीं, रुपए खर्च करना सबसे बड़ी कला है । कंपनी इसके अलावा बैंक लोन, इंश्योरेंस, मनी एक्सचेंज एवं टैक्स, शिक्षा, टूर एंड ट्रेवल्स से संबंधित सभी प्रकार की सेवाएं उपलब्ध करवाती है। इसके अलावा रियल स्टेट इवेंट एवं बुटीक का कार्य भी कंपनी द्वारा शुरू किए जा रहे हैं। पिछले 5 वर्षों से सनसिटी ग्रैंड सीकर रोड जयपुर में संचालित नंबर वन दिशा क्लासेस की ओर से ट्यूशन क्लासेज का लाभ स्थानीय प्रतिष्ठित स्कूल शांति एशियाटिक, द्रोणाचार्य पब्लिक स्कूल, एन के पब्लिक स्कूल तथा अन्य सभी प्रतिष्ठित स्कूल के बच्चों को अच्छे परिणाम के साथ अच्छी शिक्षा का लाभ मिल रहा है। आगे अच्छे प्रशिक्षित सीनियर्स द्वारा चयनित अध्यापकों द्वारा होम ट्यूशन पैटर्न पर क्लास करवाई जाएगी। दिशा क्लासेज की विशेषताओं के बारे में बताते हुए कहा कि बच्चों का छोटा ग्रुप रखा जाएगा , व्यक्तिगत ध्यान के साथ-साथ नियमित रूप से माता-पिता एवं अध्यापको की मीटिंग रखी जाती है। दिशा क्लासेज द्वारा सेल्फ इंप्रुवमेंट क्लासेस के अंतर्गत डिसिप्लिन, टाइम मैनेजमेंट, पर्सनालिटी डेवलपमेंट एवं वैल्यू एजुकेशन की शिक्षा का लाभ भी दिया जाता है।

सेवानी ग्रुप ऑफ कंपनीज के द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में पहल करते हुए चौमूं में बीस वर्षों से संचालित शीतल पब्लिक स्कूल को अडॉप्ट किया है। जिसमे कंपनी द्वारा अभिभावकों को प्रवेश शुल्क 2100 रुपए एवं वार्षिक शिक्षण शुल्क, पुस्तकें एवं स्कूल यूनिफार्म में 15 प्रतिशत की छूट, स्कूल शुल्क की प्रथम किस्त जमा कराने पर सीधे माता-पिता के बैंक खाते में भेजी जाएगी।



कंपनी द्वारा आम नागरिकों को हर क्षेत्र एवं सभी सुविधाओं के साथ अच्छा लाभ मिलने का सुअवसर प्रत्येक मीडियाकर्मी को वर्किंग पार्टनर बनाकर दिया जाएगा। यह लाभ आम नागरिक को मीडियाकर्मी का मेंबर बना कर दिया जाएगा।

इस कार्यक्रम में आए हुए सभी मीडिया कर्मी , फुटवियर, रेडीमेड, स्टेशनरी, कपड़ा, किराना एवं जनरल सामान के प्रतिष्ठित व्यापारी, मेडिकल एवं एफएमसीजी ग्रॉसरी ,मेडिकल से जुड़े सेल्स मैनेजर, डॉक्टर ,केमिस्ट, एडवोकेट, शिक्षाकर्मी ,बैंक कर्मी, बिल्डर्स कांट्रैक्टर्स, आर्किटेक्टस, रियल एस्टेट से जुड़े बहुत सारे लोगों ने संगीत संध्या में हारमनी म्यूजिकल ग्रुप के लक्ष्मण वाधवानी एवं अनुराधा माथुर द्वारा गाए गानों का भरपूर आनंद लेते हुए रात्रि भोज किया। चौमूं निवासी बॉलीवुड सिंगर मनोज मीत ने भी अपने गानों से सभी लोगों का मन मोह लिया ।

कंपनी के डायरेक्टर द्वारा ली ग्रैंड होटल का स्टाफ, स्वामी डीजे , ड्रीम स्टूडियो, वीआईपी टेंट, स्नेहा लाइट एंड डेकोरेशन, हारमोनी म्यूजिकल ग्रुप एवं कार्यक्रम में आए हुए सभी लोगों का दिल से धन्यवाद किया।

# हिंदी फिल्म ऑक्सीजन दी आइकॉनिक ट्रूथ का प्रीमियर शो 7 जुलाई को

**जयपुर (हमारा वतन)।** गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्डधारी लेखक, अभिनेता, गीतकार व निर्देशक बाबू लाल मीना उर्फ़ बादल झरवाल की आदिवासी मीना जनजाति के गौरवशाली इतिहास पर बनी ऐसी अद्भुत प्रेम कहानी पर बनी हिन्दी फिल्म ऑक्सीजन दी आइकॉनिक ट्रूथ जिसका ना तो कोई आदी जानता है और ना ही कोई अंत का विशेष प्रीमियर शो 7 जुलाई को जयपुर में किया जाएगा। सबसे बड़ी बात यह है कि इसी दिन फिल्म के हीरो बादल का जन्मदिन भी है ।



बादल झरवाल की यह मोस्ट अवेटेट हिन्दी फिल्म ऑक्सीजन दी आइकॉनिक ट्रूथ अपनी लाजवाब ओरिजिनल कहानी, स्क्रीन प्ले और गीत संगीत के साथ ही कलाकारों के बेहतरीन अभिनय तथा लाजवाब डायरेक्शन के कारण विगत कुछ महीनों से काफी चर्चित है ।

इस फिल्म में बादल झरवाल के चार लाजवाब किरदार हैं । गुर्जर समाज की विशिष्ट प्रतिभा निष्ठा डागूर इस फिल्म से बॉलीवुड में अहम पहचान बनाने जा रही है । मुख्य खलनायक की भूमिकाओ में हितेष धीन्गरा, पूरण मल पारीक (जवान भाई) , चंद्र कटारिया और मोहन शर्मा नजर आयेंगे । धनञ्जय सिंह, सत्यनारायण टेलर, दिलीप सिंह नरूका, सुभाष सेठ, राम शंकर भारद्वाज , पृथ्वी सिंह मान्जू, राखी शुक्ला, दीपा चौधरी, राम चंद्र मीना, महेन्द्र सिंह खटारा, कृष्ण राज पटेल , राकेश कुमार दायमा, विवान मीना, अस्मिता, संतोष कंवर, अनीता सैनी , निशा सेठ, अशोक मीना, बल्ली सैनी, पवन सिंह राठौड़, राजीव मिश्रा, सिकंदर चौहान, ईश्वर शर्मा, कजोड मल मीणा, मीनाक्षी शर्मा, उमेश पंत आदि चरित्र भूमिका में नज़र आएंगे।

फिल्म की कहानी, स्क्रीन प्ले, संवाद और गीत स्वयं बादल झरवाल ने लिखे है । म्यूजियक डी सुशान्त, परमेश्वर लाल व शिखा- मयंक ने दिया है । गीतों को स्वर दिये है - यूवी सिंह, राजेश बीसन, शिखा - मयंक, राजेन्द्र जब्डा, जावेद हुसैन, कविता व बादल झरवाल ने । फिल्म के डीओपी विकास सक्सेना व बलजीत गोस्वामी रहे हैं । एडिटिंग गौरव जैन , प्रवेश सक्सेना व बलजीत गोस्वामी (अनामिका ) ने की है । बैकग्राउंड म्यूजिक परमेश्वर लाल व सन्दीप सोनी ने दिया है ।

बादल झरवाल ने बताया कि यह फिल्म 14 जुलाई को सिनेमा घरों में रिलीज़ होने जा रही है । पूजा फिल्मस कोटपूतली के बैनर पर निर्मात्री सुशीला देवी मीना की इस फिल्म को डायरेक्ट किया है बादल झरवाल ने । इस फिल्म की लम्बाई लगभग 2 घण्टे 40 मिनिट की है और इसमें कुल छ: लाजवाब गाने हैं । फिल्म एक ऐसी अद्भुत प्रेम कहानी के जरिए आदिवासी मीना जनजाति के गौरवशाली इतिहास को बयां करती हुई सस्पेंस और रोमांच के साथ बहुत ही तीव्र गति से आगे बढती हुई ऑक्सीजन-2 में प्रवेश कर जाती है कि दर्शकों को पता ही नहीं चलेगा और यही इस ऑक्सीजन फ्रेंचाइजी की फिल्मों की खासियत रहेगी ।




# कल्पना हार्ट एंड मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल चौमूं के द्वारा आयोजित हुआ निःशुल्क कैंप

**चौमूं (हमारा वतन)।** ग्राम पंचायत रूंडल तहसील आमेर में कल्पना हार्ट एंड मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल चौमूं की ओर से प्रथम निशुल्क कैंप का आयोजन किया गया।

जिसमें डॉक्टर प्रदीप यादव फिजीशियन, डॉक्टर अमृता चतुर्वेदी स्त्री प्रसुति रोग विशेषज्ञ, डॉ. आर एस मानावत शिशु बाल रोग विशेषज्ञ की सेवाएं पूर्ण रूप से दी गई । जिसमें दवाइयां व जांच फ्री की गई । डॉ. प्रदीप यादव ने बताया कि शिविर में 230 लोग लाभान्वित हुए । यह शिविर आमजन की सुविधाओं के लिए लगाया गया । इस दौरान सरपंच मोहनी देवी, रामकुवार, राम गोपाल, हरफूल, रोहित चौधरी, सीताराम, राजेश, पूरण, मोहन, गोपाल, कालू, रामपाल, प्रभात, प्रिंस स्कूल के प्रधानाचार्य चौमूं जेपी पारीक, हॉस्पिटल नर्सिंग स्टाफ में कृष्ण पटेल, नर्सिंग ऑफिसर रामरतन, पी आर ओ इंदिरा चांदोलिया, मनीषा, राजेंद्र, सुभाष आदि लोग उपस्थित रहे ।

# मनीषा सैनी का पड़ोसन ले गई रे राजस्थानी गाना जमकर हुआ वायरल

**जयपुर (हमारा वतन)।** पड़ोसन ले गई रे गाना आजकल चर्चा का विषय बना हुआ है। यह गाना इंस्टाग्राम, फेसबुक और यूट्यूब पर खूब ट्रेंड कर रहा है। मनीषा सैनी के इंस्टाग्राम पर 151K फॉलोअर्स और फेसबुक पर 534 K फॉलोअर्स कंप्लीट हो चुके हैं। मनीषा सैनी के अपने यूट्यूब चैनल पर इस गाने ने 23 लाख व्यूज प्राप्त कर लिए हैं। यूट्यूब चैनल पर सब्सक्राइब भी 57 हज़ार से ज्यादा हो चुके हैं और इंस्टाग्राम पर भी छ लाख दस हजार से ज्यादा लोगों ने इस गाने पर रील बनाई है। आजकल हर किसी के मोबाइल में यही गाना बज रहा है। इस गाने का म्यूजिक आरएनडी स्टूडियो दिलसुख चौधरी ने दिया है और इस गाने की वीडियो ग्राफी हॉलीवुड ने की है और इस गाने का डायरेक्शन अरविंद शेखावत ने किया है । मैनेजमेंट पूजा शेखावत और बी एल सैनी ने किया है। मनीषा सैनी ने बताया है की इस तरह के गाने से राजस्थानी संस्कृति व वेश- भूषा को बढ़ावा मिलता है जिसे काफी लोगो के द्वारा सराहा गया है ।




# प्रथम कदम फाउंडेशन के द्वारा आयोजित हुआ हेल्थ और हाइजिन पर टॉक शो

**जयपुर (हमारा वतन)।** प्रथम कदम फाउंडेशन के द्वारा भारतीय विद्या आश्रम स्कूल में हेल्थ और हाइजिन के विषय पर टॉक शो रखा गया । जिसमे बताया गया कि अपने आस पास स्वच्छत होनी जरूरी है, स्वच्छता देश की हो या अपने आस पास की। डॉ. रितु राज के द्वारा वहाँ मौजूद 150 महिलाओं को इस विषय पर जानकारी दी और महिलाओं ने उत्साहपूर्वक इसमें भाग लिया और अनेको प्रश्नों के उत्तर भी डॉ. रितुराज से पूछे। स्कूल की प्रिंसिपल अजय श्री शर्मा ने प्रथम कदम फाउंडेशन के डायेक्टर और संस्थापक डॉ. पीसूम शाह और कविता पंजवानी का स्वागत खूबसूरत पौधा देकर किया और सभी के साथ अल्पाहार किया ।



इस अवसर पर पारुल लहरी, राजेश, कृष्ण, जिया कुमावत, सतीश अग्रवाल और रोमित अग्रवाल भी मोजूद रहे। सभी महिलाओं को सेनेटरी पेड वितरित किये गये। प्रथम कदम फाउंडेशन आगे भी ऐसे सामायिक कार्य करते रहेंगे जिससे कि समाज और महिलाओ का विकास हो सके।

### मुख्यमंत्री ने दी मंजूरी बीकानेर, जोधपुर, उदयपुर एवं भरतपुर में स्थापित होंगे उद्यानिकी ग्राह्य परीक्षण केन्द्र

जयपुर (नि.सं.)। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने प्रदेश में उद्यानिकी विकास की विपुल संभावनाओं को देखते हुए बीकानेर, जोधपुर, उदयपुर एवं भरतपुर में उद्यानिकी ग्राह्य परीक्षण केन्द्र (Adaptive Trial Center) खोलने तथा इन केन्द्रों के संचालन के लिए आवश्यक पदों के सृजन के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की है।

## जॉब्स

1. राजस्थान लोक सेवा आयोग, पद आरएएस/आरटीएस, पद संख्या 905, अंतिम तिथि 31 जुलाई 2023
2. आईबीपीएस, पद क्लर्क, पद संख्या 4045, अंतिम तिथि 21 जुलाई 2023
3. राजस्थान लोक सेवा आयोग, पद असिस्टेंट प्रोफेसर, पद संख्या 1913, अंतिम तिथि 25 जुलाई 2023
4. वेस्टर्न रेलवे, पद अप्रेंटिस, पद संख्या 3624, अंतिम तिथि 26 जुलाई 2023
5. राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, पद जूनियर अकाउंटेंट, पद संख्या 5388, अंतिम तिथि 26 जुलाई 2023
6. बिहार पुलिस, पद कॉन्स्टेबल, पद संख्या 21391, अंतिम तिथि 20 जुलाई 2023
7. राजस्थान स्वायत शासन विभाग, पद सफाई कर्मचारी, पद संख्या 13184, अंतिम तिथि 19 जुलाई 2023
8. स्टाफ सिलेक्शन कमीशन, पद एमटीएस / हवलदार, पद संख्या 1558, अंतिम तिथि 21 जुलाई 2023




# अक्षय कुमार ने करवाई थी असिन की शादी, एक्ट्रेस को नहीं पता था होने वाले पति का ये बड़ा सच

फिल्म गजनी से सबका दिल जीतने वालीं असिन थोट्टूमकल की शादी के टूटने की खबर सोशल मीडिया पर काफी सुर्खियों में है। असिन ने बिजनेसमैन राहुल शर्मा से साल 2016 में शादी की थी और शादी के बाद असिन ने फिल्मों से दूरी बना ली थी। असिन की शादी काफी चर्चा में रही थी। उनकी फोटोज सोशल मीडिया पर काफी वायरल हुई थीं। दिलचस्प बात यह है कि असिन और राहुल को एक करने में अक्षय कुमार का बड़ा हाथ था। साल 2012 में असिन, अक्षय कुमार के साथ अपनी फिल्म हाउसफुल 2 के प्रमोशन के लिए बांग्लादेश जा रही थीं। दोनों प्राइवेट जेट पर गए थे। उसी दौरान अक्षय ने असिन को अपने दोस्त राहुल शर्मा से मिलवाया। अक्षय ने असिन से राहुल को लेकर बात की, लेकिन असिन ने उनकी बातों को प्रैंक समझकर इग्नोर कर दिया। असिन को उस वक्त पता ही नहीं था कि जिस प्राइवेट जेट से वह अक्षय के साथ गई वह राहुल का ही था और जिस इवेंट में वह परफॉर्म कर रही थीं उसे भी राहुल ने ही ऑर्गेनाइज किया था। थोड़े समय बाद असिन को राहुल के बारे में पता चला और वह उनकी पर्सनैलिटी से काफी इम्प्रेस हुईं कि इतने बड़े बिजनेसमैन होने के बावजूद वह कितने सिंपल थे। बस फिर क्या था दोनों की बातचीत शुरू हुई और फिर दोनों एक-दूसरे से प्यार करने लगे। कुछ समय के रिलेशनशिप के बाद दोनों ने शादी की।



**असिन के बेस्ट मैन बने थे अक्षय**-जब असिन और राहुल की ईसाई ट्रेडिशन के हिसाब से शादी हुई तब अक्षय कुमार ही असिन के बेस्ट मैन बने थे। बता दें कि बेस्ट मैन वह होता है जो शादी के दिन दुल्हन के साथ आता है। आम तौर पर पिता और भाई इस दौरान आते हैं, लेकिन असिन की शादी में अक्षय कुमार आए थे।

# Pushpa की 'श्रीवल्ली' रश्मिका मंदाना ने की शूटिंग शुरू, वीडियो शेयर कर दिखाई झलक

साल 2021 में फिल्म पुष्पा ने जो कमाल किया था वो आज तक सभी के दिलों में बसा है। अल्लू अर्जुन और रश्मिका मंदाना की यह फिल्म सुपरहिट थी। अब पुष्पा का दूसरा पार्ट आने को तैयार है। वहीं रश्मिका मंदाना ने इसकी शूटिंग भी शुरू कर दी है। फिल्म के दूसरे पार्ट का नाम है पुष्पा द रूल। एक्ट्रेस ने सोशल मीडिया पर फिल्म की शूटिंग करते हुए का वीडियो शेयर किया है। वह रात को शूटिंग कर रही हैं। हालांकि अल्लू उनके साथ शूट कर रहे हैं या नहीं इस बारे में कोई अपडेट नहीं है। फिल्म में अल्लू, रश्मिका के अलावा फहाद फासिल भी अहम किरदार में हैं। फिल्म का दूसरा पार्ट साल 2024 के शुरुआती महीनों में रिलीज हो सकता है। बता दें कि पहला पार्ट यानी कि पुष्पा द राइज ने बॉक्स ऑफिस पर 300 करोड़ कमाए थे। अब दूसरे पार्ट से इससे भी ज्यादा उम्मीद है।इससे पहले फिल्म का टीजर रिलीज हुआ था जिसमें दिखाया गया कि पुष्पा जेल से भाग गया है और हर जगह उसकी तलाश की जा रही है। इसके बाद कहा जाता है कि पुष्पा मर गया, लेकिन फिर एक सीन दिखाया जाता है कि जंगल में शेर किसी को देखकर दहाड़ता है और फिर कुछ कदम पीछे लेता है। इसके बाद सभी जानना चाहते हैं कि आखिर वह शख्स कौन है और फिर पुष्पा पीछे मुड़कर देखता है। पुष्पा को जिंदा देखकर सभी खुश हो जाते हैं।



# दीपिका से देबीना तक, इन एक्ट्रेसेस के लिए मां बनना नहीं रहा आसान, समय से पहले बच्चों को दिया जन्म

मां बनना सबसे खूबसूरत एहसास होता है और हर महिला इस सुख को पाना चाहती हैं। हालांकि कुछ को इसके लिए काफी स्ट्रगल भी करना पड़ता है। कुछ की प्रेग्नेंसी जर्नी आसान रहती है तो कुछ की काफी मुश्किल भरी। अब हाल ही में कुछ एक्ट्रेसेस की प्रेग्नेंसी जर्नी काफी उतार-चढ़ाव वाली रही। इन एक्ट्रेसेस के लिए मां बनना आसान नहीं था। हालांकि हर मुश्किलों का सामना करने के बाद वे अपने बच्चे को इस दुनिया में लाई हैं। तो चलिए आज आपको बताते हैं उन एक्ट्रेसेस के बारे में जिनकी प्री मैच्योर डिलीवरी हुई है यानी कि समय से पहले ही जिन्होंने बच्चे को जन्म दिया। कुछ के लिए ये सफर जादुई था तो कुछ के लिए मुश्किल भरा। हाल ही में कई एक्ट्रेसेस की प्री मैच्योर डिलीवरी हुई है और उन्होंने सोशल मीडिया पर अपना एक्सपीरियंस भी शेयर किया।



**दीपिका कक्कड़**-टीवी की पॉपुलर एक्ट्रेस दीपिका कक्कड़ ने 21 जून को बेटे को जन्म दिया। एक्ट्रेस की प्री मैच्योर डिलीवरी थी। डॉक्टर्स ने वैसे दीपिका को जुलाई महीने के बीच की डेट दी थी। 20 जून को शोएब इब्राहिम का बर्थडे था और उसे सेलिब्रेट करके जब वे घर आए तो कुछ देर बाद ही दीपिका को दर्द होने लगा। इसके बाद एक्ट्रेस की इमरजेंसी में सी सेक्शन डिलीवरी करनी पड़ी।

**नेहा मार्दा**-शो बालिका वधु फेम नेहा मार्दा की भी प्री मैच्योर डिलीवरी हुई थी। एक्ट्रेस को तीसरे ट्राइमेस्टर के दौरान कुछ दिक्कतें आई थीं जिसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती किया गया था और फिर उन्होंने बेटी को जन्म दिया। डिलीवरी के बाद अपना एक्सपीरियंस शेयर करते हुए एक्ट्रेस ने कहा था कि मैं सभी को यही सलाह देना चाहूंगी कि 30 से पहले-पहले प्रेग्नेंसी प्लान कीजिए क्योंकि बाद में फिर काफी दिक्कतें आती हैं।



# बारिश और उमस आपके बालों को भी पहुंचा सकते हैं नुकसान

बारिश का मौसम शुरू हो चुका है ऐसे में वातावरण में नमी होने लगती है जिसका असर आपके बालों पर भी पड़ता है। आइए जानते है आप कैसे इस मौसम में अपने बालों को स्वस्थ्य रख सकते है।बारिश में भीगना नाचना सभी को पसंद होता है, बारिस में भीगते समय हम अपने बालों को खोलकर लहराते तो जरूर है लेकिन बाद में बारिश के पानी से और वातावरण में नमी होने के कारण ये बाल लहराने लायक नहीं बचते है। बारिश के पानी और नमी के कारण बाल बहुत रफ से होने लगते है। वातावरण में बहुत अधिक हियुमिडिटी होने के कारण बालों में रफनेस, फिजिनेस, ड्राइनेस, बालों का झड़ना जैसी कई समस्या होने लगती है।



नमी का हर किसी के बालों पर अलग प्रभाव पड़ता है। अपने हेयर केयर रूटीन में आप थोड़े से बदलाव करके आप अपने बालों को स्वस्थ रख सकते है। बालों में नमी के अधिक अवशोषण के कारण बालों के उलझने का कारण बनता है । नमी के कारण बालों में डैंडर्फ और बालों के कमजोर होने की समस्या हो सकती है। लेकिन आप बस यहां दिए गए टिप्स को फॉलों करके अपने बालों के टूटने और उलझने को कम करके उन्हें स्वस्थ रख सकते है।

**अपने बालों को साफ रखें**-हियूमिड परिस्थितियों में साफ बालों के भारी होने और चिपचिपे होने की संभावना कम होती है। गंदगी, पसीना और अतिरिक्त तेल को हटाने के लिए एक सौम्य शैम्पू का उपयोग करें जो आपके बालों के प्रकार के अनुरूप हो। बालों को ज़्यादा धोने से बचें, क्योंकि इससे आपके बालों का प्राकृतिक तेल ख़त्म हो सकता है और उनमें रूखापन आ सकता है।

**एंटी-ह्यूमिडिटी वाले उत्पादों के साथ करें स्टाइल**-नमी को हटाने के लिए विशेष रूप से तैयार किए गए स्टाइलिंग उत्पादों का उपयोग करें। एंटी-फ्रिज़ सीरम, क्रीम या स्प्रे का इस्तेमाल करें जिनमें सिलिकॉन या तेल जैसे तत्व शामिल हों, जो नमी के खिलाफ बाधा उत्पन्न कर सकते हैं और आपके बाल हियूमिड परिस्थितियों का सामना करने में मदद कर सकते हैं।

**नियमित ट्रिमिंग है जरूरी**-चाहे मौसम कोई भी हो आपको अपने बालों को स्वस्थ बनाए रखने के लिए नियमित ट्रिम्स करना आवश्यक हैं। हर 6-8 सप्ताह में अपने बालों के सिरों को ट्रिम करने से दोमुंहे बालों और टूटने को रोकने में मदद मिलती है, जिससे आपके बाल बेहतर स्थिति में रहते हैं। दोमुंहे बालों के हटने से फ्रिज़ होने की संभावना कम होती है और वे नमी के प्रभाव को बेहतर ढंग से झेल सकते हैं।

**अपने बालों को सुरक्षित रखें**-जब आप नमी वाले मौसम में बाहर जा रहे हों, तो टोपी पहनकर या स्कार्फ या हेडरैप का उपयोग करके अपने बालों को सुरक्षित रखें। ये सहायक उपकरण आपके बालों को अतिरिक्त नमी से बचा सकते हैं और उलझने और क्षति को रोकने में मदद कर सकते हैं।

# तनाव में बढ़ सकती है एक्ने ब्रेकआउट की समस्या

## बढ़ने से रोकने के लिए ट्राई करें ये प्रभावी नेचुरल टिप्स

तनाव का असर त्वचा की सेहत पर भी नजर आता है। यदि आपको पहले से पिंपल या एक्ने हैं और आप स्ट्रेस लेना शुरु कर देती हैं, तो त्वचा की स्थिति और ज्यादा बिगड़ सकती है। हालांकि, एक सही देखभाल के साथ आप इसे कंट्रोल कर सकती हैं।आप में से कई महिलाओं ने कभी न कभी स्ट्रेस एक्ने का अनुभव जरूर किया होगा। जब आप अधिक तनाव में होती हैं या मानसिक रूप से परेशान करने वाली किसी स्थिति से गुजर रही होती हैं, तो इस स्थिति में पिंपल होने लगते हैं। यदि किसी को पहले से पिंपल हैं और वह मानसिक तौर पर तनावग्रस्त है, तो यह उनकी त्वचा की स्थिति को नकारात्मक रूप से प्रभावित करता है और पिंपल्स को तेजी से बढ़ावा देता है। इस दौरान स्ट्रेस मैनेजमेंट के साथ-साथ अन्य प्राकृतिक तरीकों को अपनाकर आप पिंपल्स को बढ़ने से रोक सकती हैं। हेल्थ शॉट्स के साथ जानें आखिर स्ट्रेस किस तरह पिंपल्स का कारण बनता है, साथ ही इसे बढ़ने से रोकने के उपाय भी।

**पहले जानें आखिर स्ट्रेस से क्यों ट्रिगर होते हैं एक्ने**-जेएएमए डर्मेटोलॉजी द्वारा प्रकाशित एक स्टडी के अनुसार केवल प्रदूषण ही एक्ने का कारण नहीं बनता, बल्कि आपका मानसिक तनाव एक्ने और त्वचा संबंधी समस्याओं को बढ़ावा देता है और इसकी स्थिति को बेहद खराब कर सकता है। द लैंसेट द्वारा प्रकाशित एक स्टडी में पाया गया कि स्ट्रेस यानी कि तनाव एंग्जाइटी, डिप्रेशन जैसी अन्य मानसिक स्थितियां एक्ने और पिंपल के हीलिंग प्रोसेस को धीमा कर देती हैं, जिसकी वजह से यह समस्या लंबे समय तक बनी रहती है और दिन-प्रतिदिन इनकी स्थिति बिगड़ती जाती है।नेशनल लाइब्रेरी ऑफ मेडिसिन द्वारा प्रकाशित अध्ययन के अनुसार स्ट्रेस के दौरान होने वाले हार्मोनल बदलाव के कारण भी पिम्पल और एक्ने की समस्या ट्रिगर हो सकती है। तनाव व्यक्ति के हॉर्मोन्स को असंतुलित कर देता है और इम्यूनिटी को भी प्रभावित करता है। जैसे कि स्ट्रेस में व्यक्ति का शरीर कॉर्टिसोल नामक हार्मोन रिलीज करता है जिससे कि एक्ने की स्थिति गंभीर रूप से प्रभावित हो सकती है।स्ट्रेस हॉर्मोन आपके ऑयल ग्लैंड को अधिक ऑयल प्रोड्यूस करने के लिए उत्तेजित करता है, और जैसा कि आप जानती हैं अधिक ऑयल प्रोडक्शन से एक्ने ब्रेकआउट तेजी से बढ़ता है।

**यहां हैं स्ट्रेस एक्ने मैनेज करने के प्रभावी टिप्स**

**स्ट्रेस मैनेजमेंट है जरूरी**-पब मेड सेंट्रल के अनुसार स्ट्रेस मैनेज करने के लिए तनाव के जड़ का पता होना बेहद महत्वपूर्ण है। सबसे पहले तनाव के कारण पता करें, फिर उसके अनुसार कारणों पर काम करना शुरू करें। इसके साथ ही आप मेडिटेशन, दीप ब्रीदिंग एक्सरसाइज, योगा और अन्य सकारात्मक शारीरिक गतिविधियों में भाग लेकर अपने तनाव को नियंत्रित रख सकती हैं।

## शिक्षा संस्कार

शिक्षा सहित संस्कार विहीन,
होता जीवन अधूरा।
हो समावेश अस्तित्व में तो,
होता हरेक स्वप्न पूरा।

कर प्रेरित नित्य जीवन में,
सभ्य और शिक्षित बनाती।
सकारात्मक विचारों से जो,
राष्ट भविष्य आगे बढ़ाती।

पादप को पोषक तत्व होता,
प्रगति में जिस भॉंति जरूरी।
जीवंतता में विद्यार्जन खातिर,
भूलें भी करें ना कतई मगरूरी।

संस्कार दया क्षमा समर्पणता की,
उन्नति में होता उन्नत सहायक।
मानसिक सामाजिक जरूरतों संग,
जैविकीय पूर्ति का जो होता वाहक।



-महेन्द्र सिंह कटारिया, नीमकाथाना

हमारा वतन
खबरों, विज्ञापन एवं सदस्यता के लिए सम्पर्क करें ।
Email-
hamarawatan65@gmail.com
9214996258, 7014468512

टिकिट

हमारा वतन साप्ताहिक
HamaraWATANWeekly संस्थापित 1965
राष्ट्रीय विचारधारा की सर्वोत्तम अभिव्यक्ति का प्रतीक

क्या ख़ाक़ लिखे कोई, बरगश्ता ज़माना है,
कांटों पै भी चलना है, दामन भी बचाना है।

### अति आवश्यक सूचना

पाठकों व विज्ञापनदाताओं से निवेदन है कि जिनका सालाना सदस्यता शुल्क व विज्ञापनों का भुगतान नहीं हो पाया है वे अपना शुल्क 'हमारा वतन के नाम से खाता संख्या 61079058819' एसबीआई (IFSC Code- SBIN0004227) में या 9214996258 पर फोन-पे, पेटीएम, गुगल-पे पर जमा कराकर सूचित करें।

– सम्पादक

पुनीत प्रतिष्ठा में :-

# लैंड रेकॉर्ड्स से कैसे हो सकती है तरक्की

लैंड रेकॉर्ड्स और प्रॉपर्टी राइट्स आर्थिक स्थिरता और सामाजिक न्याय का सबसे बड़ा आधार हैं। यह हरनैंडो डीसोटो की प्रभावी पुस्तक 'द मिस्ट्री ऑफ कैपिटल वाय कैपिटलिजम ट्रायंफ्स इन द वेस्ट एंड फेल्स एवरीवेयर एल्स' की मूल मान्यता है। डीसोटो के मुताबिक प्रॉपर्टी पर मालिकाने की स्पष्टता पूंजी जेनरेट करने, निवेश को बढ़ावा देने और आर्थिक समृद्धि सुनिश्चित करने के लिहाज से बेहद अहम होती है। इससे यह पक्का होता है कि अपनी व्यक्ति की संपत्ति पर कानूनी सुरक्षा हासिल हो, जिससे सामाजिक-आर्थिक असमानता को कम करने में भी मदद मिलती है। खासकर,


राम गोपाल सैनी

विकासशील देशों में जहां अनौपचारिक या पारंपरिक मालिकाना ही ज्यादा चलन में है। इन अधिकारों को औपचारिक रूप देने से न सिर्फ आपसी झगड़ों का निपटारा होता है बल्कि गरीबी उन्मूलन और टिकाऊ विकास में मदद मिलती है और आर्थिक संभावनाओं का विस्तार होता है। पूरी दुनिया में 70 फीसदी लोग ऐसे हैं, जिनकी लैंड रजिस्ट्रेशन सिस्टम तक पहुंच ही नहीं है। हर पांच में से एक व्यक्ति यानी तकरीबन सौ करोड़ लोग इस आशंका में जीते हैं कि उन्हें पांच साल के अंदर बेदखल कर दिया जाएगा। भारत की जहां तक बात है तो केंद्र सरकार देश में लैंड रेकॉर्ड्स सुधारने की दिशा में प्रयास शुरू कर चुकी है। उसका एक अहम प्रयास है डिजिटल इंडिया लैंड रेकॉर्ड्स मॉडर्नाइजेशन प्रोग्राम (DILRMP)। इसका मकसद है सारे लैंड रेकॉर्ड्स को कंप्यूटराइज करना, सारे सेट्लमेंट रेकॉर्ड्स को अपडेट करना और जमीन संबंधी झगड़ों को कम करना। इतना ही नहीं, केंद्र सरकार विडियो कॉल के जरिए जमीन हस्तांतरण की व्यवस्था शुरू करने की भी सोच रही है। ऐसा हुआ तो जमीन खरीदना-बेचना और आसान हो जाएगा। हालांकि इस प्रस्ताव की राह में मौजूदा कानूनों की अड़चन तो है ही, अनियमितताओं से जुड़ी चिंताएं भी इस पर अमल को मुश्किल बना रही हैं।साल 2015 में जब ग्लोबल लीडर्स ने 2030 तक के लिए सस्टेनेबल डिवेलपमेंट गोल्स तय किए तो उनमें लैंड सिक्यॉरिटी हासिल करना भी शामिल किया गया। 15 साल में ये लक्ष्य हासिल किए जाने थे। इस साल हम उस मियाद का आधा हिस्सा तय कर चुके हैं। इस लिहाज से लक्ष्य की दिशा में हुई प्रगति को देखें तो यह मामूली है। सब-सहारन अफ्रीका की बात करें तो वहां महज 14 फीसदी जमीन ही आधिकारिक तौर पर मापी और सरकार द्वारा वर्गीकृत की गई है। इसलिए सब-सहारन अफ्रीका सबसे कमजोर लैंड-प्रॉपर्टी राइट्स और सबसे ज्यादा जमीन-जायदाद के झगड़ों वाला इलाका है। यह महाद्वीप जमीन रजिस्टर करने के मामले में दुनिया में सबसे महंगा तो है ही भू-स्वामित्व को लेकर सबसे ज्यादा असुरक्षित लोग भी यहीं हैं। हालांकि रवांडा जैसे देशों ने दिखाया है कि जमीन को रजिस्टर करना, भूमि से जुड़ी सूचनाओं को डिजिटाइज करना और कानूनी मदद देकर जमीन से जुड़े झगड़ों को निपटाना संभव है, लेकिन अफ्रीका के ग्रामीण इलाकों में लैंड सिक्यॉरिटी हासिल करना काफी मुश्किल है।

# डॉ.साहिब सिंह वर्मा की 16वीं पुण्यतिथि पर रक्तदाताओं की उमड़ी भीड़

## सैकड़ो महिलाओं सहित 894 रक्तदाताओं ने किया रक्तदान



**चौमूं (हमारा वतन)।** चौमूं शहर के बराला हॉस्पिटल में दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री एवं पूर्व केबिनेट मंत्री स्व.डॉ.साहिब सिंह वर्मा की 16वीं पुण्यतिथि पर 11वां रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया । रक्तदान शिविर का शुभारंभ निदेशक डॉ.श्रवण बराला ने डॉ.साहिब सिंह वर्मा के छाया चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर पुष्प अर्पित करके श्रद्धांजलि दी । इसके बाद डॉ. बराला ने स्व. डॉ साहिब सिंह वर्मा की असमय मृत्यु पर खेद प्रकट करते हुए उन्हें याद किया और पदचिह्नों पर चलने व सिद्धांतो को अपनाने पर जोर दिया। स्व.डॉ. साहिब सिंह ने गरीब तबके, किसान, मजदूर ग्रामीण महिलाओं के हक की लड़ाई जीवन पर्यन्त लड़ी व हमेशा उनके हक की बात कही । डॉ. बराला ने बताया कि लगातार 11 वर्षो से डॉ.साहिब सिंह वर्मा की याद में रक्तदान शिविर व श्रद्धाजलि सभा का आयोजन करते आ रहे है जिसमे प्रदेश भर से गणमान्य लोग, जनप्रतिनिधि, समाज सेवी, सामाजिक संस्थाओं, साधू संत, डॉक्टर्स सहित विभिन क्षेत्र से जुड़े लोग श्रद्धासुमन अर्पित करने पहुँचते है ।





कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर पधारे सीकर सांसद सुमेदानन्द सरस्वती पूर्व ने पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और भाव विभोर होकर स्व. डॉ. साहिब सिंह वर्मा के जीवन के बारे में बताया तथा उनके द्वारा राजस्थान को किए गए विशेष योगदान के बारे में जानकारी दी। विधायक श्रीमाधोपुर झाबर सिंह खर्रा ने पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। डॉ. ग्यारसीलाल बराला एवं डॉ. बाबूलाल बराला ने पधारे हुए सभी रक्तदातों को आभार प्रकट करते हुए प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया । डॉ. ग्यारसीलाल बराला कहा कि रक्तदान करने वाला मनुष्य भगवान के समान माना गया है वो कई लोगों की जान बचाता है और जान बचाने वाला भगवान के समान ही माना जाता है।

डॉ. हनुमान बराला ने सभी रक्तवीरों की हौसला अपजाई करते हुए कहा कि आप सब रक्तवीर है आपको रक्तदान के लिए धन या ताकत की जरूरत नहीं होती है रक्तदान के लिए तो एक बड़ा दिल और मुक्त मन की जरूरत होती हैं, सभी रक्तदाताओं का धन्यवाद,आभार। जीवन में 35 वीं रक्तदान करने वाले विष्णु कुमार शर्मा व 25 वीं बार रक्तदान करने वाले एडवोकेट सुरेन्द्र बोचल्या ने बताया कि रक्तदान करके शारीरिक एवं मानसिक संतुष्टि मिलती है । रक्तदान करके आप न सिर्फ दूसरों का जीवन बचा सकते बल्कि खुद को भी स्वस्थ रखते है इसलिए हमेशा रक्तदान करते रहना चाहिये। इस दौरान छोटेलाल कुमावत, रामस्वरूप जांगिड, साधुराम जाट, अनिता कुमावत, अर्जुन सैनी, कन्हैया लाल थावरिया, उत्तम गोठवाल, प्रताप सोनी, भवानी सिंह टाटियावास, लल्लूराम सैनी, केदार मल शर्मा, संत गणेश महाराज, जितेन्द्र बुनकर, मुकेश शर्मा, राकेश मौर्य, मालीराम कुमावत, हनुमान सिंह नाथावत, छीतर मल देवंदा ,रामस्वरूप प्रजापत, बाबूलाल शर्मा, बाबूलाल टोडावता, मुकेश फड्डया, नवरंग चौधरी, हरिनारायण गठाला, ओमप्रकाश कुमावत, धन्नाराम कुमावत, गोपाल गुलिया, मंगल चन्द डागर, अटल मेठी, सुरेश गोदारा, मोहित छीपा, डॉ.मुखराम देवंदा, मोहन कुमावत, युवराज सिंह रुण्डला, विनोद घोसल्या, रामस्वरुप नासना, सुशील शर्मा, सूरजमल डोडवाडिया, खीमाराम रायका, नानुराम जाट, लाला सामोता, अर्जुन हरतवाल, कन्हेया लाल दुण, जय सिंह, ओमप्रकाश देवंदा, किशोर टोडावता, महेंद्र कुमार खुटेटा, पवन प्रजापति, अमित शर्मा, वेद सुरेश गठाला, बंशीधर लाम्बा, पप्पू फडोदिया, कजोड़ गोरा, मुकेश जांगिड़, रामस्वरूप नासना, मदन नासना, बंशी डागर, एडवोकेट सुरेश बाज्या, विनोद शर्मा, दिनेश सोडलिया, महेश सेरावत, आदि ने रक्तदाताओं को हौसला अपजाई करते हुए आभार जताया। इस अवसर पर बराला अस्पताल परिवार से प्रेम बराला, डॉ.सृष्टि बराला, डॉ.अभिषेक बराला, डॉ.दीपिका बराला, एडवोकेट भावना बराला, डॉ.अजय चौधरीम, डॉ.गंभीर सिंह, डॉ.हरफूल चौधरी, डॉ.नरेश बराला, डॉ.मुकेश चौधरी, डॉ.लालूराम शर्मा, डॉ.राजपाल चौधरी, डॉ.घनश्याम शर्मा, डॉ.ताराचंद शर्मा, मंजू चौधरी, राकेश शर्मा, दीपक चौधरी, शंकर यादव, राजेश चौधरी, राजू लील, ज्वाला प्रसाद, किरण चौधरी, राजकुमार यादव, कृष्णा चौधरी, राजपाल जाट, झाबर मल, ज्योति चौधरी, अंतिमा रावत, ममता, चन्द्ररेखा बराला, सीताराम, मनीष बिदावत, हेमाराम चौधरी, निर्मला, ओमप्रकाश, झाबरमल, ओमप्रकाश बराला, कमलेश, सुशील गढ़वाल, सुशील लाम्बा, सोहन डागर, जीतू, अजीत शर्मा, रमाकांत डेणवाल, शंकर जाट, बराला नर्सिंग कॉलेज से अर्जुन यादव, जितेन्द्र चौधरी, नरेन्द्र कुमार, कृष्ण कुमार, नर्सिंग छात्र एवं अन्य कर्मचारीगण उपस्थित रहे ।

# फिल्म अभिनेता उग्रसेन तंवर को मिला सबरंग सम्मान

**जयपुर (हमारा वतन)।** जयपुर निवासी फिल्म अभिनेता उग्रसेन तंवर को प्रेस क्लब जयपुर में आयोजित पत्रकार एवं कलाकार सम्मान समारोह 2023 में सबरंग संस्था द्वारा सबरंग सम्मान 2023 से सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि आकाशदीप कॉलेज के एलसी भारतीय रहे । संस्था अध्यक्ष अनिल तिवारी और सचिव पंडित राजेंद्र राव ने बताया कि उग्रसेन तंवर का अभिनेता के रूप में सिनेमा जगत को बहुत बड़ा योगदान है । संस्था अपने आप को गौरवान्वित महसूस कर रही है।गौरतलब है कि उग्रसेन तंवर ने कई स्टेज शो, सीरियल, राजस्थानी-हिंदी फिल्मों में अपने अभिनय की छाप छोड़ी है।







# अंतराष्ट्रीय भविष्यवक्ता पंडित रविंद्र आचार्य ने किया सीएम के ओएसडी लोकेश शर्मा का सम्मान

**जयपुर (हमारा वतन)।** तारा ज्योतिष साधना केंद्र के अध्यक्ष व अंतर्राष्ट्रीय भविष्यवक्ता पंडित रविंद्र आचार्य ने मानसरोवर विवेक विहार स्थित राजस्थान सरकार के निजी सहायक लोकेश शर्मा से मुलाकात की । इस अवसर पर पंडित रविंद्र आचार्य ने लोकेश शर्मा को शॉल ओढ़ाकर, माला पहनाकर ,पगड़ी पहनाकर व मिठाई खिलाकर सम्मान किया।ज्योतिष सार संग्रह पुस्तक भेंट की और आशीर्वाद दिया कि खूब आगे बढ़े, खूब उन्नति करें । इस दौरान समाज सेवी शंकर प्रजापत, पंडित सुरेश शास्त्री, मुकेश यादव, हेमाराम चौधरी, सुनील अग्रवाल, मुकेश यादव ,सुमित चौधरी आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



RNI No. 10311/1965
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, सम्पादक राम गोपाल सैनी के लिए उदय प्रिन्टर्स 43 ए, माली कॉलोनी, चांदपोल बाहर, जयपुर से मुद्रित तथा वार्ड नं.1, सामोद रोड़ नीमड़ी, ग्राम-मोरीजा, तहसील-चौमूँ, जिला-जयपुर से प्रकाशित , मो. 9214996258, 7014468512
सहायक सम्पादकः राकेश तिवाड़ी
E mail-hamarawatan65@gmail.com
प्रबंध सम्पादक : वली मोहम्मद कुरैशी, मो. 9929610759
सभी प्रकार के वाद-विवादों का न्याय क्षेत्र चौमू शहर होगा